# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**


विज्ञप्ति संख्या– 39 / 2026 दिनांक– 14 अगस्त, 2026

## उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम (आंशिक संशोधन)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 521, दिनांकः 14 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में बोर्ड के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 396, दिनांक **15 मई 2026** के क्रम में चयन बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 622, दिनांक 29 जुलाई 2026 के माध्यम से अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें दों अनारक्षित श्रेणी के पदों पर परीक्षा परिणाम विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के अनुपालन में सुरक्षित रखा गया था।

मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 332 / 2025 (एस0बी0) मयंक कुमार जैमनी बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक 13 अगस्त 2025 को पारित आदेशों के क्रम में शासन द्वारा आदेश संख्या– I / 406785 / XXVIII–6 / 43307 / 2026, दिनांक 19 जून 2026 के माध्यम से याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन को निस्तारित कर दिया गया। उक्त रिट याचिका में दिनांक 13 अगस्त 2025 को पारित आदेशों के क्रम में सुरक्षित रखे गए पद पर अंतिम श्रेष्ठता सूची (मैरिट लिस्ट) में से चयनित अभ्यर्थी का परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से प्रसारित कर दिया गया है।

**नोट–** **मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 349 / 2025 (एस0बी0) विजय मोहन्ता बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य को दिनांक 22 अगस्त 2025 को पारित आदेशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के विज्ञापित रिक्त 16 पदों में से एक अनारक्षित श्रेणी पद को उक्त रिट याचिका में अंतिम निर्णय पारित होने तक रिक्त रखा जाता है।**

ह0 / –
(प्रदीप जोशी)
सचिव